


# साप्ताहिक वन  लाइनर्स अपडेट

1 - 7 मई , 2018

Powered by :

gradeup



# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 मई 2018

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह (1-7)** मई **2018** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. आई.सी.आई.सी.आई बैंक बोर्ड ने पांच वर्ष के लिए बैंक के अतिरिक्त (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया है___ **राधाकृष्णन नायर।**

   **नोट:**
   - आई.सी.आई.सी.आई बैंक के अनुसार, उनकी नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी का विषय है।
   - श्री नायर बैंक की तीन सहायक कंपनियों 'आई.सी.आई.सी.आई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी', 'आई.सी.आई.सी.आई प्रूडेंशियल ट्रस्ट' और 'आई.सी.आई.सी.आई सिक्योरिटीज प्राइमरी डीलरशिप' के स्वतंत्र निदेशक भी हैं।

2. विदेशी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफ.पी.आई) के जोखिम आधारित 'अपने ग्राहक को जानो' (के.वाई.सी) दस्तावेज के लिए विस्तृत फ्रेमवर्क का अनावरण किया___ **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी)।**

   **नोट:**
   - एक कंपनी के रूप में संरचित एफ.पी.आई में, 25% हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्ति को लाभकारी मालिक (beneficial owner (BO)) माना जाएगा।
   - यदि यह एक उच्च जोखिम वाले क्षेत्राधिकार उत्पन्न करती है, तो ऐसे एफ.पी.आई में 10% या उससे अधिक हिस्सेदारी वाले व्यक्ति को को बी.ओ माना जाएगा।
   - ऐसे क्षेत्राधिकारों के सभी निवेशकों को श्रेणी-3 एफ.पी.आई के लिए के.वाई.सी की आवश्यकता का पालन करना होगा।

3. किस ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म के एफ.डी.आई कॉन्फिडेंस इंडेक्स 2018 में भारत तीन पायदान फिसलकर 11 वें स्थान पर पहुंच गया___ **ए.टी. केर्नी।**

   **नोट:**
   - अमेरिका निवेश के इरादे के साथ शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि कनाडा दूसरे और जर्मनी तीसरे स्थान पर रहे।
   - वर्ष 2015 के बाद से भारत पहली बार **शीर्ष 10** से बाहर हुआ है।

4. 15 वें वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए भूतपूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ____ **अशोक लाहिड़ी।**

   **नोट:**
   - उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाएगा।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

- नवंबर, 2017 में, **भारत के पंद्रहवें वित्त आयोग** (XV-FC) का गठन 1 अप्रैल, 2020 से शुरू होने वाले पांच वित्तीय वर्षों के लिए सिफारिशें देने हेतु किया गया था।
- आयोग का मुख्य कार्य "सहकारी संघवाद को मजबूत करना, सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार करना और वित्तीय स्थिरता के संरक्षण में मदद करना था"।

5. सार्क वित्त मंत्रियों की 12 वीं अनौपचारिक बैठक कहां आयोजित की गई___**मनीला, फिलीपींस।**

   **नोट:**
   - बैठक में सार्क सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों / प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों ने भाग लिया।
   - वित्त मंत्रियों / प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों ने बैठक को अपने देशों द्वारा प्राप्त की गई आर्थिक प्रगति की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया।

6. ई.पी.एफ.ओ ने किसके माध्यम से 'व्यू पेंशन पासबुक' सेवा पेश की ___ **उमंग ऐप।**

   **नोट:**
   - 'पासबुक देखें' (व्यू पासबुक) विकल्प पर क्लिक करने के बाद, इसमें पेंशनभोगी द्वारा पी.पी.अफ़ संख्या और जन्मतिथि दर्ज करने की आवश्यकता होती है।
   - वित्तीय वर्ष के आधार पर पूर्ण पास बुक विवरण डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

7. कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक (एम.डी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ) के रूप में किसे नामित किया गया___ **उदय कोटक।**

   **नोट:**
   - इससे पहले श्री कोटक कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एम.डी) थे।
   - कोटक महिंद्रा बैंक एक भारतीय निजी क्षेत्र का बैंक है, जिसका मुख्यालय भारत के महाराष्ट्र स्थित मुंबई में है।
   - भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने कोटक महिंद्रा फाइनेंस लिमिटेड को फरवरी, 2003 में बैंकिंग व्यवसाय आरंभ करने के लिए लाइसेंस दिया था।

8. एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) ने भारत को वर्ष 2018-19 में कितने प्रतिशत से विकास करने वाला सबसे तेजी से बढ़ता एशियाई राष्ट्र होने का अनुमान लगाया है___ **7.3%।**

## महत्वपूर्ण दिवस

1. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर वर्ष मनाया जाता है __**1 मई।**

   **नोट:**
   - 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अंतर्राष्ट्रीय श्रम आंदोलनों, अराजकतावादियों, समाजवादियों और साम्यवादियों द्वारा प्रवर्तित श्रमिक एवं मजदूर वर्गों का उत्सव है।
   - श्रमिक दिवस को कामगर दीन (हिंदी), कर्मिकारा दीनाचरन (कन्नड़), कामगर दिवस (मराठी), उझाईपलारधीनम (तमिल), और थोजिलाली दीनम (मलयालम) के रूप में भी जाना जाता है।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

2. इस वर्ष विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया ____**1 मई (पहला मंगलवार)।**

   **नोट:**

   - विश्व अस्थमा दिवस दुनिया भर में अस्थमा जागरूकता और देखभाल में सुधार करने के लिए वैश्विक अस्थमा पहल (जी.आई.एन.ए) द्वारा आयोजित किया जाने वाला वार्षिक समारोह है।
   - वर्ष 2018 का विषय 'नेवर टू अर्ली, नेवर टू लेट' है, वायु के माध्यम से फैलने वाली बीमारी का इलाज करने का हर समय सही होता है'।

3. गुजरात और महाराष्ट्र राज्य ने अपना स्थापना दिवस कब बनाया ____**1 मई।**

   **नोट:**

   - वर्ष 1960 में, दो पश्चिमी राज्य गुजरात और महाराष्ट्र आज के ही दिन पूर्ववर्ती राज्य बॉम्बे से बने थे।
   - गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने करमसद तालाव से 'सुजलाम सुफलाम योजना' का उद्घाटन किया।
   - हर वर्ष महाराष्ट्र सरकार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी करती है।

4. दुनिया भर में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' हर वर्ष मनाया जाता है __ **3 मई।**

   **नोट:**

   - यह दिवस सरकारों को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा वर्ष 1948 के अनुच्छेद 19 के तहत स्थापित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के सम्मान और समर्थन के प्रति उनके कर्तव्यों को भी याद दिलाता है।
   - वर्ष 2018 का विषय है 'कीपिंग पावर इन चेक: मीडिया, जस्टिस एंड द रूल ऑफ लॉ' है।

5. विश्व कार्टूनिस्ट्स दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**5 मई।**

   **नोट:**

   - कार्टूनिस्ट्स दिवस आपके द्वारा एक कॉमिक्स का चयन करके जिससे आप परिचित थे और अपनी बढ़ती उम्र की यादों की सैरगाह में बड़े हुए थे, के रूप में सबसे अच्छा उत्सव माना जाता है।

6. इंटरनेशनल नो डाइट डे (INDD) वार्षिक रूप से मनाया जाता है ___**6 मई।**

   **नोट:**

   - यह दिन किसी भी आकार को ध्यान में रखकर एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और मिताहार (भूके रहने) के संभावित खतरों और असफलता की संभावना के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है।
   - पहला इंटरनेशनल नो डाइट डे वर्ष 1992 में ब्रिटेन में मनाया गया था।

7. सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने अपने स्थापना दिवस कब मनाया ____**7 मई।**

   **नोट:**

   - देश के सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत विकास के क्षेत्र में अग्रणी बी.आर.ओ, देश के प्रति 58 वर्ष की शानदार सेवा का जश्न मना रहा है।
   - इसका उद्देश्य उत्पादकता वृद्धि और गुणवत्ता निर्माण रहेगा।





## नयी नियुक्तियाँ

1. कर्नाटक के किस पूर्व मुख्य सचिव को बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई.आर.डी.ए.आई) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है __ **सुभाष चंद्र खुंतिया।**

**नोट:**

- बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई.आर.डी.ए.आई) एक स्वायत्त, सांविधिक निकाय है जो भारत में बीमा और पुर्नबीमा उद्योग को विनियमित और प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत है।
- आई.आर.डी.ए.आई 10 सदस्यीय निकाय है जिसमें भारत सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष, पांच पूर्णकालिक और चार अंशकालिक सदस्य शामिल हैं।

2. भारत सरकार के 27 वें प्रधान प्रवक्ता और प्रेस सूचना ब्यूरो (पी.आई.बी) के महानिदेशक (डीजी) के रूप में किसने कार्यभार संभाला ___ **श्री सितांशु रंजन कार।**

**नोट:**

- वे श्री **फ्रैंक नोरोन्हा** की जगह लेंगे।
- श्री कार ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया यूनिटों में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।
- वर्ष 1988 में, वह एक विश्व प्रतिस्पर्धा में लंदन की प्रतिष्ठित विस्न्यूज फैलोशिप जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।

3. किस भारतीय-अमेरिकी को न्यूयॉर्क शहर की एक अमेरिकी सिविल कोर्ट में अंतरिम न्यायाधीश नियुक्त किया गया है___ **दीपा अम्बेकर।**

**नोट:**

- वह राजा राजेश्वरी (चेन्नई में जन्मीं) के बाद शहर में दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला न्यायाधीश हैं।
- इससे पहले, सुश्री अम्बेकर ने न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल के साथ तीन वर्ष तक काम किया था।

4. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है___ **न्यायमूर्ति ए. के. मित्तल।**

**नोट:**

- न्यायमूर्ति एस.जे वाजिफादार की सेवानिवृत्ति के बाद से पद रिक्त था।

5. मणिपुर के कार्यकारी गवर्नर के रूप में किसने शपथ ली___ **जगदीश मुखी।**

**नोट:**

- मुखी, नजमा हेपतुल्ला की अनुपस्थिति में पद संभालेंगे।

## महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के भाग के रूप में किसानों के लिए देशव्यापी कार्यशाला शुरू की ___ **किसान कल्याण कार्यशाला**





**नोट:**

- कार्यशालाएं एक ग्रामीण केंद्रित अभियान राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का भाग हैं, जो पिछले महीने की 14 तारीख को बी.आर. अम्बेडकर की जयंती शुरु हुआ था।

2. भारतीय सेना का "विजय प्रहार 2018" अभ्यास किस राज्य में शुरू हुआ ___**राजस्थान।**

**नोट:**

- सेना के दक्षिण पश्चिमी कमांड (एस.डब्ल्यू.सी) ने राजस्थान के सूरतगढ़ में **'विजय प्रहार'** अभ्यास प्रारंभ किया।

3. स्वच्छ भारत की तीन-महीने की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप इस वर्ष 1 मई से शुरू होकर कब समाप्त होगी _____ **31 जुलाई, 2018।**

**नोट:**

- तीन महीनों तक चलने वाली स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप आज से शुरू हुई और 31 जुलाई, 2018 को समाप्त होगी।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के लाखों युवाओं को एक स्वच्छ जनांदोलन की भावना से स्वच्छ भारत मिशन की ओर प्रोत्साहित करना है।

4. अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट काउंसिल (ए.सी.आई) के यातायात पूर्वानुमान के अनुसार, भारत हवाई यात्री यातायात के मामले में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों के बीच किस स्थान पर है___ **दूसरे।**

**नोट:**

- ए.सी.आई ने वियतनाम को 8.5% की वृद्धि दर के साथ शीर्ष स्थान पर, उसके बाद भारत 7.5% और ईरान 7.3% को रखा है।
- चीन को 5.9% की वृद्धि दर के साथ 8वें स्थान पर रखा गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट काउंसिल (ए.सी.आई) (वर्ष 1991 में स्थापित) दुनिया भर के विमान पत्तन प्राधिकरणों का एकमात्र वैश्विक व्यापार प्रतिनिधि है।

5. डब्ल्यू.एच.ओ जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 भारतीय शहरों में से किन शहरों को वर्ष 2016 में 2.5 पी.एम स्तर के मामले में विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल किया गया है___ **दिल्ली और वाराणसी।**

**नोट:**

- हर वर्ष दुनिया भर में घरेलू और परिवेश वायु प्रदूषण के कारण समय से पूर्व होने वाली सात लाख मौतों में से 34% या 2.4 मिलियन भारत में होती हैं।
- 2.5 पी.एम में सल्फेट, नाइट्रेट और ब्लैक कार्बन जैसे प्रदूषक शामिल हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक हैं।
- डब्ल्यू.एच.ओ का वैश्विक शहरी वायु प्रदूषण डेटाबेस 108 देशों के 4,300 से अधिक शहरों के अभिकणीय पदार्थ (पर्टीकुलेट मैटर) (पी.एम 10 और पी.एम 2.5) के स्तर की माप करता है।

6. आपदा जोखिम न्यूनीकरण डेटाबेस के लिए डेटा आवश्यकताओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन कहां हुआ___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**





- इसने राष्ट्रीय स्तर के आपदा डेटाबेस निर्माण के लिए मंच स्थापित किया है।
- स्थानीय स्तर पर प्राप्त और मान्य डेटा के साथ एकीकृत डेटाबेस का विकास जोखिमों पर नजर रखने और तन्यकता की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है जिसके बिना भारत अपने विकास के लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाएगा।

**7.** केंद्र सरकार की योजनाओं, अनुदान और परियोजनाओं के बारे में जानकारी के प्रसार हेतु किस तीन दिवसीय कार्यक्रम का असम के गुवाहाटी में आयोजन किया गया___ **वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट 2018।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, उपभोक्ता मामलों, नागरिक आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया।
- यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित एन.जी.ओ, **कृषि एवं ग्रामीण विकास केंद्र** (सी.ए.आर.डी) द्वारा आयोजित किया गया।

**8.** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' (बी.बी.बी.पी) के तहत 244 जिलों के एकदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का कहां से उद्घाटन किया___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- यह सम्मेलन अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करेगा और नए जिलों को कार्यक्रम की सफल योजना बनाने और उसे निष्पादित करने के लिए प्रेरित करेगा।
- देश भर से इन 244 जिलों को बहु-क्षेत्रीय अन्त:क्षेप के तहत कवर किया जाएगा।

**9.** ए.आई.बी.बी के भविष्यात्मक, लचीले और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर चौथे क्षेत्रीय सम्मेलन कहां आयोजित हुआ ___ **बेंगलुरू, कर्नाटक।**

**नोट:**

- सम्मेलन में भारत में भविष्यवादी और डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए संस्थागत दृष्टिकोण लाने के तरीके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**10.** किस मंत्रालय ने विशाल ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम मंच 'स्वयं' का उपयोग करके 1.5 मिलियन उच्च शिक्षा संकायों के ऑनलाइन व्यावसायिक विकास की एक विशेष पहल शुरू की___ **मानव संसाधन विकास मंत्रालय।**

**नोट:**

- पहले चरण में, 75 विषय-विशिष्ट राष्ट्रीय संसाधन केंद्र (एन.आर.सी.) की पहचान की जा चुकी है।
- पहल के तहत, सभी सेवारत शिक्षकों के पास, चाहे उनके विषय और वरिष्ठता कुछ भी हो, ऑनलाइन रीफ्रेशर कोर्स के माध्यम से अपने क्षेत्र में नवीनतम विकास से अवगत रहने का एक अवसर होगा।

**11.** किस विमान को चार दशकों से अधिक समय तक बेड़े से चरणबद्ध बाहर किए जाने के बाद उसके पूर्व शानदार सेवा रिकॉर्ड को देखते हुए भारतीय वायुसेना (आईएएफ) में शामिल किया गया है___ **डकोटा (गूनी बर्ड)।**

**नोट:**

- डकोटा DC -3 VP 905 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हिंडन वायुसेना स्टेशन में आयोजित एक भव्य समारोह में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था।
- विमान को भारतीय वायुसेना और रिफलाइट एयरवर्क्स के संयुक्त दल द्वारा ब्रिटेन से वापस भारत भेजा गया था।





- इस विमान ने 1947 के युद्ध और 1971 में बांग्लादेश युद्ध में भारतीय कश्मीर में संघर्ष के दौरान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

12. आई.बी.एम. ने महत्वाकांक्षी जिलों में किसानों को वास्तविक समय सलाह प्रदान करने के लिए किस आयोग के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) का उपयोग करके फसल उपज पूर्वानुमान मॉडल विकसित करने के लिए एक वक्तव्य विवरण (एस.ओ.आई.) पर हस्ताक्षर किए___ **नीति आयोग।**

**नोट:**

- वक्तव्य विवरण (एस.ओ.आई.) पर हस्ताक्षर अमिताभ कांत (नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और करण बाजवा (आई.बी.एम. इंडिया के प्रबंध निदेशक) की उपस्थिति में किए गए।
- इस समझौते का उद्देश्य किसानों को फसल उत्पादकता, मृदा उपजाऊता में सुधार लाने और किसानों की आय में सुधार के अधिक लक्ष्य के साथ कृषि लागत पर नियंत्रित करने के लिए अंतदृष्टि प्रदान करने के लिए साथ मिलकर तकनीक का उपयोग करना है।

13. सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहां पर 'कोक्लेयर इम्प्लांट जागरूकता कार्यक्रम' का उद्घाटन किया___ **फरीदाबाद, हरियाणा।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत, प्रति इकाई 6.00 लाख रुपये की लागत से 5 वर्ष की उम्र तक विकलांग बच्चों की कोक्लेयर इम्प्लांट सर्जरी के लिए व्यवस्था है।
- कोक्लेयर इम्प्लांट (CI) एक शल्य चिकित्सा प्रत्यारोपित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो दोनों कानों में गहरे या गंभीर रूप से बहरे व्यक्ति को ध्वनि का एहसास प्रदान करता है।

14. किस अंतरिक्ष एजेंसी ने एक स्वदेशी परमाणु घड़ी विकसित की है जिसका उपयोग सटीक स्थान डेटा को मापने के लिए नेविगेशन उपग्रहों में किया जाएगा___ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)।**

**नोट:**

- एक बार इसके सभी परीक्षणों को सफलतापूर्वक पास करने के बाद, इसे अंतरिक्ष में इसकी सटीकता और स्थायित्व का परीक्षण करने के लिए इसका उपयोग प्रयोगात्मक नेविगेशन उपग्रह में किया जाएगा।
- वर्तमान में, इसरो अपने नेविगेशन उपग्रहों के लिए यूरोपीय एयरोस्पेस निर्माता एस्ट्रियम से परमाणु घड़ियों का आयात करता है।
- भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आई.आर.एन.एस.एस.) या नाविक (NaVIC) के भाग के रूप में पहले लॉन्च किए गए सभी सात नेविगेशन उपग्रहों में तीन आयातित रूबिडियम परमाणु घड़ियां हैं।

15. 9वीं भारत जापान ऊर्जा वार्ता कहां आयोजित की गई____ **नई दिल्ली।**
16. 15वां प्रवासी भारतीय दिवस जनवरी, 2019 में कहां आयोजित किया जाएगा___ **वाराणसी।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस के समकक्ष प्रविंद जगन्नाथ द्वारा किया जाएगा।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

## राज्य समाचार

1. अपशिष्ट से धन और ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए गोबर-धन योजना किस राज्य से शुरू की गई___ **हरियाणा।**

   **नोट:**

   ➢ केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने हरियाणा के करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी शोध संस्थान (एन.डी.आर.आई) ऑडिटोरियम में गोबर (गैल्वेनाइजिंग ऑर्गेनिक जैव-कृषि संसाधन) - धन योजना शुरू की है।

   ➢ योजना का उद्देश्य गांव की सफाई को सकारात्मक रूप से प्रभावित करना और मवेशियों के एवं जैविक अपशिष्ट से धन और ऊर्जा उत्पन्न करना है।

2. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) और इसके छह प्रमुख संगठनों पर लगा प्रतिबंध एक और वर्ष के लिए बढ़ाने वाली राज्य सरकार__ **छत्तीसगढ़ सरकार।**

   **नोट:**

   ➢ अप्रैल, 2006 में, छत्तीसगढ़ विशेष लोक सुरक्षा अधिनियम -2005 के प्रावधानों के तहत, सी.पी.आई (माओवादी) को उसके सहयोगियों के साथ प्रतिबंधित कर दिया गया था।

   ➢ तब से प्रतिबंध हर साल एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया जाता है।

3. डिजिटल हस्ताक्षरित भूमि रिकॉर्ड रसीद (7/12 रसीद के रूप में जानी जाती है) प्रदान करने वाला और अनियमितताओं की जांच और पारदर्शिता लाने के लिए एक डिजिटल हस्ताक्षर स्वीकार करने वाला पहला भारतीय राज्य___**महाराष्ट्र।**

   **नोट:**

   ➢ 7/12 रसीद सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो भूमि का स्वामित्व प्रदान करता है और किसानों द्वारा मुख्य रूप से ऋण के लिए आवेदन करते समय उपयोग किया जाता है।

   ➢ इसका उपयोग सरकार द्वारा फसल सर्वेक्षण के दौरान और विभिन्न सुविधाओं का विस्तार करने के लिए किया जाता है।

4. एक कार्यक्रम जिसमें लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से अवगत कराया गया, कहां आयोजित किया गया ____ **गुवाहाटी।**

   **नोट:**

   ➢ कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, उपभोक्ता मामलों, नागरिक आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता क्षेत्रों के लोग तीन दिवसीय आयोजन में भाग लेंगे।

## महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. भारत और मलेशिया के सेनाओं के दल ने कुआलालंपुर में कौन सा अभ्यास शुरू किया ___ **हरिमाऊ शक्ति 2018।**

   **नोट:**

   ➢ दोनों सेनाएं संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत विद्रोह और आतंकवाद-रोधी अभियानों में अपने सामरिक और तकनीकी कौशल को मजबूत करने के लिए साथ में अभ्यास कर रहीं हैं।





- यह भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

2. भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार किसके माध्यम से शुरू हुआ______ **नाथूला सीमा।**

**नोट:**

- इस वर्ष के व्यापार को और अधिक कुशल और सौहार्दपूर्ण बनाने के तरीके पर दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक आयोजित की गई।
- 30 नवंबर तक के लिए निर्धारित व्यापार सप्ताह में चार दिन (सोमवार से गुरुवार) होगा।
- समझौते के अनुसार दोनों देश वस्तुओं की सूची के रूप में- 36 निर्यात वस्तुओं और 20 आयात वस्तुओं पर सहमत हुए।

3. अपने सभी परिचालनों को तुरंत बंद करने और ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका में दिवालिया होने की घोषणा करने वाली ब्रिटेन की मार्केटिंग एनालिटिक्स कंपनी______ **कैम्ब्रिज एनालिटिका।**

**नोट:**

- यह निर्णय कंपनी और फेसबुक के डेटा-चोरी स्कैंडल में फंसने के बाद आया जिसमें 87 मिलियन लोगों की व्यक्तिगत जानकारी से समझौता किया गया था।
- वर्तमान में, कंपनी को 87 मिलियन फेसबुक उपयोगकर्ताओं के डेटा के अनुचित उपयोग के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वर्ष 2016 अमेरिकी चुनाव अभियान में प्रयोग किया गया था।

4. हिन्द महासागर क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप के पास भारतीय और फ्रेंच नौसेनाओं ने किस अभ्यास के अंतिम और तीसरे चरण का आयोजन किया______ **वरुण नौसेना अभ्यास** 2018।

**नोट:**

- अंतिम चरण में, दोनों नौसेनाओं ने असममित युद्ध जैसी विभिन्न संभावित परिदृश्यों का अनुकरण किया और अपनी वायु रक्षा क्षमताओं का परीक्षण किया।
- भारतीय और फ्रेंच नौसेना के बीच नौसेना अभ्यास 2018 वरुण तीन चरणों में आयोजित किया गया था और इसमें पनडुब्बीरोधी, वायु रक्षा और असममित युद्धाभ्यास शामिल थे।

5. केंद्रीय मंत्री 'सुरेश प्रभु' ने कहां पर आयोजित भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार शिखर सम्मेलन में भाग लिया______ **जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका।**

**नोट:**

- मंत्री ने शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित किया और भारत एवं दक्षिण अफ्रीका के बीच तालमेल बनाने के बारे में चर्चा की।
- शिखर सम्मेलन आने वाली अच्छी चीजों की शुरुआत थी और दक्षिण अफ्रीका एवं भारत को अगले कुछ वर्षों में उच्च विकास प्रक्षेपवक्र पर उतरने के लिए तैयार किया गया।





## श्रद्धांजलियां

1. किस प्रसिद्ध मलयालम जासूस उपन्यासकार का निधन हो गया है_____ **कोट्टायम पुष्पनाथ।**

**नोट:**

- उन्होंने मलयालम साहित्य में डरावनी कथाओं की दुनिया का विस्तार किया और मलयालम में 100 से अधिक जासूसी एवं डरावने उपन्यास लिखे। उनका वास्तविक नाम पुष्पनाथन पिल्लई था।

2. संसद की 22 सदस्यीय लोक लेखा समिति (पी.ए;सी) के अध्यक्ष के रूप में किसे पुन: नियुक्त किया गया__ **मल्लिकार्जुन खड़गे।**

**नोट:**

- यह सबसे पुरानी संसदीय समिति है जो संसद द्वारा भारत सरकार के व्यय और ऐसे अन्य स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के लिए दी गई रकम के विनियमन को दर्शाते हुए खातों की जांच करती है।

3. कैंसर के कारण निज निवास पर किस प्रसिद्ध कलाकार-दार्शनिक का निधन हो गया_____ **रविंदर शर्मा (गुरुजी)।**

**नोट:**

- वह आदिलाबाद के कला आश्रम के संस्थापक थे।
- उन्हें वर्ष 2014 में आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा कला रत्न प्रदान किया गया था।
- उन्हें हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एस.जी.टी विश्वविद्यालय द्वारा डी. लिट (Honoris Causa) से भी सम्मानित किया गया था।

4. किस पूर्व वायुसेना प्रमुख 'एयर चीफ मार्शल का एक बीमारी के बाद हैदराबाद में निधन हो गया_____ **इदरीस हसन लतीफ।**

**नोट:**

- एयर चीफ मार्शल लतीफ को 31 अगस्त, 1978 में चीफ ऑफ एयर स्टाफ नियुक्त किया गया था और वह 1981 में सेवानिवृत्त होने तक पद पर रहे।
- वह भारतीय वायु सेना (आई.ए.एफ) के पहले मुस्लिम वायुसेना प्रमुख भी बने।

5. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (ए.आई.एफ.एफ) के किस पूर्व अध्यक्ष का एक बीमारी के बाद निधन हो गया_____**पी.पी. लक्ष्मण।**

**नोट:**

- श्री लक्ष्मण फीफा की पुनर्विचार समिति (जर्मनी 2006 और दक्षिण अफ्रीका 2010 संस्करण) के सदस्य के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय थे।
- उन्होंने केरल फुटबॉल संघ के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था।

6. श्री लंका सरकार ने किस स्वर्गीय फिल्म निर्माता के सम्मान में शोक दिवस की घोषणा की, जिनका हाल ही में निधन हो गया था____**डॉ. लेस्टर जेम्स पेरिएस।**

**नोट:**

- वह वर्ष 1949 से सिंहाला सिनेमा के एक अनुभवी फिल्म निर्माता थे जो लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों सहित 28 से अधिक फिल्मों में शामिल रहे थे।





- उनकी फिल्में अक्सर ग्रामीण हालातों और विवादित पात्रों में श्रीलंकाई परिवार के जीवन पर आधारित रहीं और सिंहाला सिनेमा की एक प्रामाणिक अभिव्यक्ति के निर्माण में सहायक बनीं।

7. किस प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और मार्क्सवादी राजनेता का कोलकाता में निधन हो गया___ **अशोक मित्रा।**

   **नोट:**
   - मित्रा वर्ष 1972 में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सी.ई.ए) का पद छोड़कर वर्ष 1977 में वाम मोर्चा सरकार के पहले वित्त मंत्री के रूप में शामिल हुए थे।
   - मित्रा अर्थशास्त्र एवं राजनीतिक साप्ताहिक में 'कलकत्ता डायरी' और "टर्मस् ऑफ ट्रेड एंड क्लास रिलेशंस" के लेखक थे।

8. भाजपा के कर्नाटक से किस मौजूदा विधायक का हृदयाघात के कारण बेंगलुरू में निधन हो गया___ **विजय कुमार।**

   **नोट:**
   - राष्ट्रीय पार्टी से उम्मीदवार की मौत के कारण जयनगर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव स्थगित होने की संभावना है।

9. किस अनुभवी मराठी गायक का मुंबई में निधन हो गया__ **अरुण दाते।**

   **नोट:**
   - श्री दाते वर्ष 1962 में जारी गैर-फिल्मी 'भावगीत' (कविता गीत) और सुधा मल्होत्रा के साथ "शुक्त्रारा" में साथ के लिए बहुत प्रसिद्ध थे।
   - वह राज्य सरकार के 'गजनानरव वातवे पुरस्कार' के पहले प्राप्तकर्ता थे।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2018 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता__ **अक्षय कुमार।**
2. फिल्म 'ट्वायलेट: एक प्रेम कथा' के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2018 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किस बॉलीवुड अभिनेत्री को मिला__ **भूमि पेडनेकर।**
3. भारत की किस किवदंती गायिका को 26 वें लाइफटाइम पी.सी. चंद्र पुरस्कार 2018 से सम्मानित किया ___ **आशा भोसले।**

   **नोट:**
   - उन्हें भारतीय संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।
   - इसमें 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है जो कर-मुक्त है।
   - यह पुरस्कार पी.सी. चंद्र ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय श्री पूर्ण चंद्र के प्रति श्रद्धांजलि है।

4. चेन्नई में जन्मीं किस छात्रा ने अपने आनुवंशिक हृदय रोग "हाइपरट्रॉफिक कार्डियोम्योपैथी" के अध्ययन के लिए सिंगापुर में इस वर्ष का A*स्टार टैलेंट सर्च पुरस्कार जीता है ___ **विजयकुमार रागवी।**

   **नोट:**
   - उन्होंने द्वितीयक और तृतीयक संस्थानों के अन्य 611 छात्रों की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।





- सुश्री रागवी ने एक मानवीय हाइपरट्रॉफिक कार्डियोम्योपैथी मॉडल तैयार किया जो रोग फेनोटाइप का वर्णन करता है।
- A*स्टार टैलेंट सर्च उन छात्रों को पुरस्कृत कर रही है जिन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान में अच्छा प्रदर्शन किया है।

5. स्वीडिश अकादमी के अनुसार, इस वर्ष किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार नहीं प्रदान किए जाएंगे__ **साहित्य।**

   **नोट:**

   - वर्ष 1943 के युद्ध के बाद यह पहली बार होगा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान नहीं दिया जा रहा है।
   - यह पुरस्कार "साहित्य के क्षेत्र में एक आदर्श दिशा में सबसे उत्कृष्ट काम" करने वाले किसी भी देश के लेखक को दिया जा सकता है।
   - यह वर्ष 1895 में अल्फ्रेड नोबेल की इच्छा से स्थापित पांच नोबेल पुरस्कारों में से एक है।

6. मलयालम साहित्य में उनके समग्र योगदान के लिए इस साल का वार्षिक 'ओ.एन.वी. साहित्य पुरस्कार' किस ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता ने प्राप्त किया___ **एम.टी. वासुदेवन नायर।**

   **नोट:**

   - पुरस्कार के रूप में उन्हें तीन लाख रुपए नकद, उद्धरण और एक तख्ती दी गई है।
   - इस पुरस्कार की स्थापना ओ.एन.वी. सांस्कृतिक अकादमी द्वारा प्रतिष्ठित कवि स्वर्गीय ओ. एन. वी. कुरुप की याद में की गई थी।

7. टी.आर.ए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2017 में, भारत का सबसे भरोसेमंद फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफ.एम.सी.जी) ब्रांड __ **पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड।**

   **नोट:**

   - पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की स्थापना वर्ष 2006 में बाबा रामदेव ने आचार्य बालकृष्ण के साथ मिलकर की थी।
   - पतंजलि आयुर्वेद ने अमेज़ॅन, फ्लिपकार्ट, शॉपक्लूस, bigbasket.com, 1mgOfficial, ग्रूफर्स और नेटमेड्स के साथ अनुबंध किया था।

## खेल समाचार

1. वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, डोपिंग के नियमों में उल्लंघनों की सूची में भारत का स्थान___**छठवां।**

   **नोट:**

   - वर्ष 2013 से 2015 तक भारत ने लगातार तीन वर्षों के लिए संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहने के बाद छठे स्थान पर पहुंच कर स्थिति में सुधार किया है।

2. ऑस्ट्रेलिया के किस पूर्व बल्लेबाज को चार साल के लिए ऑस्ट्रेलिया के नए मुख्य कोच के रूप में नामित किया गया है__ **जस्टिन लैंगर।**

   **नोट:**

   - उन्होंने डैरेन लेहमन की जगह ली, जिन्होंने गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद इस्तीफा दे दिया था।





- लैंगर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 105 टेस्ट खेलकर 7,696 रन बनाए और वर्ष 2007 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लिया।

3. हॉकी इंडिया ने महिला हॉकी टीम के किस कोच को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में नामित किया___ **हरेंद्र सिंह।**

**नोट:**

- मौजूदा पुरुष टीम के कोच **शुअर्ड मारिन** को भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में पुन: नियुक्त किया गया।
- हरेंद्र सिंह ने वर्ष 2009 से 2011 तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम को प्रशिक्षित किया था।
- इससे पहले हरेंद्र ने वर्ष 2016 के विश्व कप खिताब में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व किया था।

4. एशियाई मुक्केबाजी परिषद द्वारा वर्ष 2017 के डब्लू.बी.सी एशिया मुक्केबाज के पुरस्कार से किस भारतीय मुक्केबाज को सम्मानित किया गया है___ **नीरज गोयत।**

**नोट:**

- वर्तमान में, नीरज वेल्टर भार श्रेणी में डब्लू.बी.सी एशिया चैंपियन हैं।
- वर्ष 2011 में प्रो लीग में उतरने के बाद से, नीरज ने दो नॉकआउट सहित नौ मुकाबले जीते हैं।

5. विश्व बैडमिंटन महासंघ (बी.डब्ल्यू.एफ) के अनुसार, किन दो मलेशियाई बैडमिंटन खिलाड़ियों पर कैरियर के अंत तक का प्रतिबंध लगाया गया___ **जुल्फादली जुल्किफली एवं तान चुन सियांग।**

**नोट:**

- वे सट्टेबाजी, जुआ और अनियमित मैच परिणामों के संबंध में बी.डब्ल्यू.एफ आचार संहिता के उल्लंघन के दोषी पाए गए थे।
- पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन जुल्फादली जुल्किफली (25-वर्ष) पर 20 वर्ष का प्रतिबंधित और 25,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था।
- तान चुन सियांग (31 वर्ष) पर 15 वर्ष का प्रतिबंध और 15,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।

6. लिवरपूल के किस फॉरवर्ड खिलाड़ी को फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का 'फुटबॉलर ऑफ द ईयर' नामित किया गया___ **मोहम्मद सालाह।**

**नोट:**

- उन्होंने इस सत्र में लिवरपूल के लिए 34 लीगों में कुल 31 गोल किए हैं।
- मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर केविन डी ब्रुइन दूसरे और टॉटनहम के स्ट्राइकर हैरी केन तीसरे स्थान पर रहे।
- चेल्सी और इंग्लैंड के आगे फ्रैंक किर्बी ने उद्घाटन एफडब्ल्यूए महिला फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।

7. विंबलडन के अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2018 के पुरुष और महिला एकल चैंपियनों को कितनी धनराशि मिलेगी_____**2.25 मिलियन पाउंड।**

**नोट:**

- विंबलडन विश्व में सबसे पुराना टेनिस टूर्नामेंट (अभी भी घास पर खेला जाने वाला) है और व्यापक रूप से सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है।





- विंबलडन चार ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंटों में से एक है, अन्य ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और यू.एस ओपन हैं।

8. दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 20 स्वर्ण, 22 रजत और 8 कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान के साथ समापन किया____**कोलंबो।**

**नोट:**

- सात राष्ट्रों के एथलीटों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें मेजबान श्रीलंका दूसरे स्थान पर रहा जबकि पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है।

9. चेक गणराज्य के पिलसेन में लिबरेशन इंटरनेशनल प्रतियोगिता के ग्रैंड प्रिक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक किसने जीता____ **गगन नारंग और पूजा घाटकर।**

**नोट:**

- वे स्वर्ण जीतने के लिए लक्ष्य से 1.3 अंकों से चूकने से पहले जुराटे सेस्नाइट और करोलिस गिरुलिस को पछाड़ने के करीब थे।

10. समिति ने प्रतिष्ठित कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए दो बार के राष्ट्रीय कोच और पूर्व सलामी बल्लेबाजों के नाम की सिफारिश की ___ **अंशुमन गायकवाड और स्वर्गीय पंकज रॉय।**

11. बी.सी.सी.आई समिति ने बी.सी.सी.आई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (महिला) के लिए पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान को भी नामित किया है____ **डायना एडुल्जी और कोच सुधा शाह।**

**नोट:**

- समिति ने बी.सी.सी.आई विशेष पुरस्कार के लिए अब्बास अली बेग, स्वर्गीय नरेन ताम्हणे और स्वर्गीय बुद्धि कुंदरन की सिफारिश की है।

12. अनुराग ठाकुर और सचिन तेंदुलकर ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में एक महाकुंभ का शुभारंभ किया____**स्टार खेल महाकुंभ।**

**नोट:**

- यहाँ एथलीट वॉलीबॉल, बास्केटबाल, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।
- इस पहल को 5000 गांवों और 800 पंचायतों से कम से कम एक लाख युवाओं की भागीदारी को आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**--------------0-------------**







# बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON Google play

